हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि

5

जबलपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026

login : www.haribhoomi.com

[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]

### पंचायत की लापरवाही से बढ़ रही परेशानी, बाजार में भगदड़ से महिला और बच्चा घायल, निरीक्षण से दूर अधिकारी

# तामिया के साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

## आवारा पशुओं से दहशत, मूलभूत सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया (बाबा ठाकुर)

तामिया जनपद के मुख्यालय ग्राम पंचायत तामिया का साप्ताहिक बाजार इन दिनों अव्यवस्थाओं का पर्याय बनता जा रहा है। जहां एक ओर ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में लोग अपनी दैनिक जरूरतों की पूर्ति के लिए इस बाजार में आते हैं, वहीं दूसरी ओर यहां की बदहाल व्यवस्थाएं लोगों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बन चुकी हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि अब बाजार में आने वाले खरीदारों और दुकानदारों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।सबसे बड़ी समस्या बाजार में घूम रहे आवारा पशुओं की है, जो न केवल लोगों के लिए भय का कारण बने हुए हैं बल्कि कई बार गंभीर हादसों को भी जन्म दे चुके हैं। हाल ही में बाजार क्षेत्र में स्थित माता मंदिर के पास किराना और सब्जी दुकानों के बीच आवारा पशुओं के बीच जमकर लड़ाई हो गई। इस घटना ने पूरे बाजार में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। अचानक हुई भगदड़ में लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।इस अफरातफरी के बीच एक महिला और एक बच्चा घायल हो गए। हालांकि गनीमत रही कि उन्हें गंभीर चोटें नहीं आईं, लेकिन इस घटना ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि स्थिति थोड़ी और बिगड़ जाती तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।



### मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव

साप्ताहिक बाजार में आने वाले लोगों को केवल आवारा पशुओं की समस्या ही नहीं झेलनी पड़ रही, बल्कि यहां मूलभूत सुविधाओं का भी गंभीर अभाव है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए शौचालय जैसी आवश्यक सुविधा का न होना बेहद चिंताजनक है। दूर-दराज के गांवों से आने वाली महिलाएं इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं।इसके अलावा भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था न होना भी लोगों की परेशानी को बढ़ा रहा है। बाजार में आने वाले लोग घंटों तक बिना पानी के अपनी जरूरतों की खरीदारी करने को मजबूर हैं। वहीं साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बना रहता है।



### दुकानदार भी परेशान

बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारी भी इन अव्यवस्थाओं से खासे नाराज हैं। उनका कहना है कि वे नियमित रूप से टैक्स का भुगतान करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बिजली, पानी और साफ-सफाई जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। दुकानदारों के अनुसार, प्रशासन की अनदेखी के कारण उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

### पंचायत और अधिकारियों की उदासीनता

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत सचिव कभी बाजार की व्यवस्था देखने नहीं आते, वहीं पंचायत इंस्पेक्टर भी अपनी जिम्मेदारियों से दूर नजर आते हैं।मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) द्वारा भी बाजार का निरीक्षण न किया जाना लोगों में असंतोष का कारण बन रहा है। लोगों का कहना है कि यदि अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें और आवश्यक निर्देश दें, तो इन समस्याओं का समाधान संभव है।

### लोगों में बढ़ता आक्रोश

लगातार बढ़ती समस्याओं के कारण अब लोगों में पंचायत के प्रति आक्रोश पनपने लगा है। बाजार में आने वाले ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत केवल टैक्स वसूलने तक सीमित है, जबकि सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है।स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आवारा पशुओं पर नियंत्रण नहीं किया गया और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### संभावित खतरा और प्रशासन से अपेक्षा

बाजार में जिस तरह से आवारा पशु खुलेआम घूम रहे हैं, वह किसी भी बड़े हादसे का संकेत है। यदि समय रहते इन पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो भविष्य में किसी गंभीर जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता।आवश्यक है कि पंचायत प्रशासन तत्काल कार्रवाई करते हुए आवारा पशुओं को कांजी हाउस में भेजने की व्यवस्था करे। साथ ही बाजार क्षेत्र में शौचालय, पेयजल, बिजली और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने बताई सुरक्षा व्यवस्था की कमी

साप्ताहिक बाजार में हुई भगदड़ और आवारा पशुओं की लड़ाई के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर कमी की ओर इशारा किया है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि बाजार में इतनी बड़ी संख्या में भीड़ जुटने के बावजूद किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आती। न तो पशुओं को नियंत्रित करने के लिए कोई इंतजाम किया गया है और न ही भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए कोई जिम्मेदार व्यक्ति तैनात रहता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब माता मंदिर के पास अचानक आवारा पशु आपस में भिड़ गए, तो वहां मौजूद लोग घबरा गए और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान कोई भी ऐसा व्यक्ति मौजूद नहीं था जो स्थिति को संभाल सके या लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जा सके।लोगों ने बताया कि बाजार में अक्सर आवारा पशु घूमते रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद पंचायत द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कई बार छोटी-मोटी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन ने उनसे कोई सबक नहीं लिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि उस दिन स्थिति और बिगड़ जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि बाजार में बच्चों और महिलाओं की संख्या अधिक रहती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाजार में न तो पुलिस की मौजूदगी रहती है और न ही पंचायत का कोई कर्मचारी नजर आता है, जिससे लोगों को असुरक्षा का एहसास होता है।घटना के बाद लोगों में आक्रोश साफ दिखाई दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने मांग की है कि बाजार में नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और भीड़भाड़ वाले दिनों में जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# मकान में लगी आग गृहस्थी का सामान खाक



### 3 दिनों बाद भी सुध लेने नहीं पहुंचा प्रशासनिक अमला विधायक ने जताई कड़ी नाराजगी

परासिया

विधानसभा परासिया की ग्राम पंचायत दमुआ के सिरेखा ढाना के एक आदिवासी किसान का मकान जल कर खाक हो गया। घर में रखे जेवर भी जल गए। घटना को हुए 3 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक प्रशासनिक अमले की तरफ से कोई भी पीड़ति की सुध लेने नहीं पहुंचा। विधायक सोहन वाल्मीकि ने इस मामले में कड़ी नाराजगी जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिवासी किसान मोहपत मरपे तीन दिन पहले शादी में गया हुआ था। घर पर उसकी पत्नी और बहु थे। दोपहर के वक्त घर में अचानक आग लग गई। घर में मौजूद लोग बाहर भागे और गांव वालों को आवाज दी। सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। गांव में मौजूद कुएं से पानी निकालकर आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन घर में रखा अधिकांश सामान जल गया। पंचायत को सूचना देने के बावजूद न सरपंच आया, न ही सचिव। विधायक सोहन वाल्मीकि को जब सूचना मिली तो वे पीड़ति के घर पहुंचे। प्रशासनिक कोई भी मदद नहीं मिलने पर वे खासे नाराज हुए और पीड़ति को हर संभव मदद पहुंचाने की बात कही।

## मेधावी छात्रा प्रेरणा का वार्ड पार्षद लोकेश डेहरिया ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रियदर्शिनी कॉलोनी वार्ड क्रमांक 47 के पार्षद लोकेश डेहरिया द्वारा सनरेज़ हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, छिंदवाड़ा की होनहार छात्रा कुमारी प्रेरणा रघुवंशी को सम्मानित किया गया। कुमारी प्रेरणा रघुवंशी ने मध्यप्रदेश बोर्ड की मेरिट सूची में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठवां स्थान हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पार्षद लोकेश डेहरिया ने छात्रा के निवास पहुंचकर उसे पुष्पमाला एवं सम्मान स्वरूप भेंट देकर शुभकामनाएं दीं। साथ ही छात्रा के माता-पिता को भी बधाई देते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज को नई दिशा दे रही हैं। श्री डेहरिया ने कहा कि कुमारी प्रेरणा की यह सफलता क्षेत्र की अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विद्यालय परिवार को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रा की मेहनत का यह परिणाम है।

## दूध डेयरी से आत्मनिर्भर बनीं सुनीता चौधरी, ग्रामीण महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा

### अथक परिश्रम से सालाना 2 लाख 4 हजार की आय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के ग्राम मोरडोंगरी की निवासी सुनीता चौधरी आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने साहस, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर डेयरी व्यवसाय को अपनाकर आत्मनिर्भरता की एक सशक्त मिसाल प्रस्तुत की है।

सुनीता चौधरी वाणी स्वसहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। समूह से मिली प्रेरणा और सहयोग के चलते उन्होंने दूध डेयरी का कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया। इस व्यवसाय की शुरुआत के लिए उन्होंने कुल 65 हजार रुपये की लागत लगाई, जिसमें से 50 हजार रुपये का ऋण समूह से प्राप्त किया तथा 15 हजार रुपये स्वयं निवेश किए। शुरुआती दौर में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन सुनीता ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने पशुपालन के आधुनिक तरीकों को अपनाया और पशुओं की नियमित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया। उनकी लगन और निरंतर प्रयासों का परिणाम यह रहा कि धीरे-धीरे दूध उत्पादन में वृद्धि होने लगी और उनका व्यवसाय स्थिरता की ओर बढ़ा। आज सुनीता चौधरी अपने डेयरी व्यवसाय से प्रतिमाह लगभग 17 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनकी वार्षिक आय 2 लाख 4 हजार रुपये तक पहुंच गई है। इस आय ने न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है, बल्कि बच्चों की शिक्षा और घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति भी अब बेहतर ढंग से हो पा रही है। सुनीता की सफलता यह सिद्ध करती है कि यदि सही मार्गदर्शन, समूह का सहयोग और आत्मविश्वास हो, तो ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं।

### समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने से किसानों में उत्साह, सरकार की नीतियों पर जताया भरोसा

## वेयरहाउस में गेहूं खरीदी का शुभारंभ, तिलक लगाकर हुआ अन्नदाताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के जमुनिया स्थित सीडब्ल्यूसी वेयरहाउस में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का शुभारंभ उत्साह और गरिमामय वातावरण के बीच किया गया। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति नेर, सारना, बनगांव एवं चाहिंया मर्यादित के माध्यम से खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि गेहूं बेचने पहुंचे किसानों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर, पुष्पमालाएं पहनाकर और आत्मीय स्वागत कर सम्मान किया गया, जिससे पूरे आयोजन में एक अलग ही सकारात्मक माहौल देखने को मिला।खरीदी केंद्र पर बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने अपनी उपज का समर्थन मूल्य पर विक्रय शुरू होने पर खुशी जाहिर की। किसानों का कहना था कि समय पर खरीदी शुरू होने से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी और उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सकेगा।

उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि इन योजनाओं के चलते खेती को मजबूती मिल रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है।इस अवसर पर मौजूद जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने किसानों से सीधा संवाद किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने और खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी व सुगम बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही किसानों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की गई, ताकि वे आर्थिक रूप से और सशक्त बन सकें।कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश, किसान मोर्चा महामंत्री अलकेश साव, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, रामभरोस पटेल, उपार्जन प्रभारी रेखन चौधरी, संतोष पटेल, देवेंद्र विश्वकर्मा, सह प्रभारी मोतीलाल साहू, प्रभारी प्रहलाद पटेल, सह प्रभारी सौरभ सक्सेना, दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा, प्रदीप रघुवंशी और राहुल चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन में किसानों के सम्मान को विशेष प्राथमिकता दी गई, जो यह दर्शाता है कि अन्नदाताओं के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता को लेकर एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने इसे किसान गौरव से जुड़ा आयोजन बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम किसानों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें अपनी मेहनत पर गर्व महसूस कराते हैं।

### समाज ने धूमधाम से मनाई सेन महाराज की जयंती

तामिया। सेन जयंती के उपलक्ष में बहुत ही धूमधाम से हनुमान मंदिर ग्राम पंचायत तामिया में मनाई गई तामिया के समस्त सेन समाज एवं ग्राम वासियों द्वारा सेन जयंती समारोह शामिल हुए तामिया सेन समाज अध्यक्ष श्यामलाल सेन वर्तमान युवा अध्यक्ष शिवम सेन एवं अरविंद दिनेश हेमंत दिलीप कुमार जवाहरलाल बंटी घनश्याम राजकुमार बंदेवार समस्त सेन समाज के पदाधिकारी सम्मिलित होकर संत श्री सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की एवं सम्मान सहित सबका अभिनंदन स्वागत किया गया सेन समाज तामिया के अध्यक्ष श्यामलाल सेन लगातार कई वर्षों से जयंती मनाई जा रही है और जब तक जीवित हैं तब तक सेन समाज जयंती मनाई जाएगी 16 अप्रैल को शाम 6:00 बजे प्रसाद बहुत ही भाव तरीके से कार्यक्रम संपन्न हुआ मैं श्यामलाल सेन ने सभी का हृदय से अभिनंदन किया ह जय जय सेन जी महाराज की जय जय श्री राम के नारों से समूचा पंडाल गुंजायमान रहा!

## किसानों और विक्रेताओं के लिए डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने की पहल

# ई-विकास प्रणाली पर प्रशिक्षण: उर्वरक वितरण में पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशन में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा निजी उर्वरक विक्रेताओं के लिए ई-विकास प्रणाली पोर्टल का व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रदेश में उर्वरक वितरण को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाना है।शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2026 से पूरे प्रदेश में उर्वरकों का 100 प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जाना अनिवार्य किया गया है। इसी व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण में संशोधित ई-विकास पोर्टल की सभी नई सुविधाओं और प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिन किसानों को मोबाइल के माध्यम से ई-टोकन बुक करने में कठिनाई होती है, वे संबंधित विभागों से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कृषि, सहकारिता, राजस्व और पंचायत विभाग के कर्मचारी तथा निजी उर्वरक विक्रेता किसानों के पंजीयन में सहयोग करेंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी किसान डिजिटल प्रक्रिया के कारण वंचित न रहे।इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि सेवा सहकारी समितियों, मार्कफेड गोदामों और निजी विक्रय केंद्रों पर किसानों का ई-विकास प्रणाली में पंजीयन पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा।

### पारदर्शिता और सुगमता पर विशेष जोर

ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी, साथ ही कालाबाजारी और अनियमितताओं पर रोक लगेगी। डिजिटल रिकॉर्ड के माध्यम से किसानों को समय पर और सही मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराना आसान होगा।इस अवसर पर सहायक संचालक कृषि श्री धीरज ठाकुर, श्रीमती सरिता सिंह, श्री दीपक चौरसिया,
श्रीमती अंकिता धोटे, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री नीलकंठ पटवारी, श्री प्रमोद सिंह उट्टी सहित कई वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी, आत्मा के बीटीएम/एटीएम, लिपिकीय कर्मचारी और निजी उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जो कृषि क्षेत्र में डिजिटल बदलाव को और मजबूत करेगा।

## जय भीम सेना ने आमसभा, रैली निकालकर मनाई अंबेडकर जयंती

**छिंदवाड़ा।** - जयभीम सेना सामाजिक संगठन के संयुक्त तत्वाधान में एस.सी., एस.टी. ओबीसी समाज के हजारों लोगों के साथ महामानव डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जयंती उत्सव पर अंबेडकर तिराह में सर्वप्रथम अनूप कुमार आर्केस्ट्र ग्रुप के द्वारा भीम गीतों व देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, इसके बाद विशाल वाईक रैली निकालकर बस स्टेण्ड में अमर शहीद अमित ठेंगे को माल्यार्पण कर इंदिरा तिराहा, फब्बारा चैक, ई.एल.सी. पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आमसभा का आयोजन कर सामाजिक लोगों ने अपने-अपने उद्बोधन कर बाबा साहब के विचारों पर समाज के अंतिम वर्गों के लिये कार्य करना, अंबेडकर तिराहा पर रैली का समापन किया गया । तत्पश्चात अंबेडकर तिराहा पर समस्त समाज के बुद्धिजीवी लोगों के द्वारा डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी के योगदान को याद कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया, तत्पश्चात जिले के समस्त सामाजिक संगठनों के ब्लाक अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष, ग्रामीण अध्यक्ष का सम्मान किया गया । इन वर्गो के सैंकड़ों जनप्रतिनिधियों का भी डॉ. बाबा साहब जी अंबेडकर की प्रतिमा भेंटकर सम्मान किया गया । समाज के 10 वीं, 12 वीं में उत्तीर्ण हुये उत्कृष्ट बच्चों का सम्मान किया गया, तत्पश्चात स्वल्पाहार हुआ इस अवसर पर मुख्य रूप से शिवम पहाड़े, अरूणा तिलंते, वल्ला प्रसाद मंदरे, मुरारीलाल कनोजिया, शिवदयाल वर्मा, पवन सरयाम, मिथुन धुर्वे, शिव कुमार सिरसाम, सीताराम सरयाम, विजय मेहरा, सागर परतेती, बंटी मण्डराह, पारस वंशकार, राहुल डेहरिया, पप्पू मण्डराह, बबलू कनोजिया, मनीष मृदुलकर, दिनेश इवनाती, मेहताप डोले, राजा गुन्हेरे, पंकज उइके, सुनील डेहरिया, संदीप कनोजे, सुनील मांडेकर आदि मौजूद रहे।

## घुट्टी में जल संरक्षण के अंतर्गत तालाब जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन



**छिन्दवाड़ा।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव एवं म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड जुन्नारदेव के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन तथा जिला समन्वयक श्री अखिलेश कुमार जैन के नेतृत्व में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जल स्रोत समागम द्वितीय चरण में विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत घुट्टी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत जुन्नारदेव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि चौहान, जनपद सदस्य श्री मन्नू मनोहर चौकसे, ग्राम पंचायत घुट्टी की सरपंच श्रीमती ज्योति कुमरे, विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मैनेजर श्री मनोज पटेल, उपसरपंच श्री मोहन साहू, सचिव श्री कोकल शाह नर्रे सहित नवांकुर संस्था पंख सामाजिक विकास संस्थान जुन्नारदेव की अध्यक्ष सुश्री निमाँशी रामपुरे, इशरत मंसूरी, मेंटर श्री सरजू विश्वकर्मा, श्रीमती योगिता मर्सकोले, श्रीमती दीपा मेश्राम, श्री गोविंद नंदवंशी और डॉ. रीना सूर्यवंशी की उपस्थिति में ग्राम उमरिया फदाली चुकानाला स्थित तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का पूजन-अर्चन एवं सामूहिक श्रमदान कर शुभारंभ किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत घुट्टी में हनुमान मंदिर के पास प्याऊ का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ सुश्री रश्मि चौहान ने कहा कि ग्राम पंचायत घुट्टी में तालाब के जीर्णोद्धार के संकल्प के साथ सभी एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा, "जल ही जीवन है, यह केवल नारा नहीं बल्कि सच्चाई है कि पानी के बिना जीवन संभव नहीं है।" जनपद सदस्य श्री मन्नू मनोहर चौकसे ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए सामूहिक सहभागिता व स्वैच्छिक श्रमदान आवश्यक है।

## बसंत उत्सव पर संगीत समारोह का आयोजन 25 एवं 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



श्री शालिगराम विश्वकर्मा सांस्कृतिक कला समिति के सचिव राजेश विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले बसंत उत्सव एवं सरस्वती जयंती स्व.श्री शालिगराम विश्वकर्मा स्मृति संगीत समारोह का यह 61 वॉ वर्ष हैं इस अवसर पर दिनांक 25 अप्रैल 2026 को स्थान सतपुड़ा लॉ कॉलेज मोहन नगर छिन्दवाड़ा में समय शाम 7:30 बजे से श्री केशव हर्षे भोपाल सितारवादन प्रस्तुत करेंगे ,श्री रवि सातफले नागपुर तबला संगत करेंगे एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उस्ताद अकरम खाँ दिल्ली तबला सोलो वादन करेंगे इनके साथ लहरें पर संगत श्री संदीप गुरमुले नागपुर करेंगे। साथ ही शहर के सामान्य एवं दिव्यांग छात्र भी संगीत की प्रस्तुति देंगे ।

दिनांक 26 अप्रैल 2026 को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पं.तुषार दत्ता (कलकत्ता) शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे ,तबला संगत राजेश विश्वकर्मा हारमोनियम संगत ,श्री संदीप गुरमुले नागपुर करेंगे। समिति के सदस्य दीपक वाजपेई , सतीश सोरठ ,दिलीप सूर्यवंशी ,कृष्णा नागवंशी ,धीरज कुमार राय ,नीरज परतेती ,प्रथम इंगले ने जिले के सभी संगीत प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील

### विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय शैक्षणिक पहल बनी व्यक्तित्व विकास का माध्यम

पांढुर्णा। पांढुर्णा स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में तीन दिवसीय "कंटीन्यूअस एकेडमिक इंट्रेक्शन कार्यक्रम" का 18 अप्रैल 2025 को सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. एस. खान के संरक्षण में तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. ललिता धुर्वे एवं भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. डी. एस. बिसेन के मार्गदर्शन में भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विवेक कुमार सोनवाने ने बताया कि यह एक आंतरिक प्रस्तुतीकरण आधारित कार्यक्रम था, जिसकी थीम "विद्यार्थियों के द्वारा विद्यार्थियों के लिए" रखी गई थी। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में विषय की गहरी समझ विकसित करना, अभिव्यक्ति एवं प्रस्तुतिकरण कौशल को निखारना तथा उनके समग्र व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना रहा। उल्लेखनीय है कि यह गतिविधि विद्यार्थियों के "सतत विस्तृत मूल्यांकन" के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करते हुए उन पर सामूहिक चर्चा भी की गई।

## गरीबों के लिए सहारा बनी दीनदयाल रसोई, पांढुर्णा में सस्ती थाली से मिल रहा पोषण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग, वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार नगरीय क्षेत्र पांढुर्णा में तृतीय चरण अंतर्गत 01 दीनदयाल रसोई केंद्र स्थायी रूप से संचालित किये जाने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। शासन आदेश के परिपालन में नगरपालिका परिषद पांढुर्णा द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए बस स्टैंड पांढुर्णा परिसर में दिनांक 05 सितंबर 2023 से दीनदयाल रसोई का संचालन किया जा रहा है।

दीनदयाल रसोई में प्रतिदिन भोजन कर रहे श्री शामराव कुर्वे ने बताया कि उनकी आयु लगभग 71 वर्ष है तथा उनके पास आय का कोई स्थायी साधन नहीं है। वे प्रति माह वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त कर अपना जीवन यापन करते हैं। परिवार में कोई अन्य सदस्य नहीं होने के कारण वे अकेले निवास करते हैं। ऐसी परिस्थिति में श्री शामराव कुर्वे के लिए दीनदयाल रसोई एक बड़ा सहारा बनी है, जहां वे प्रतिदिन भोजन करते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें यहां प्रतिदिन समय पर पौष्टिक एवं ताजा भोजन प्राप्त होता है, जिससे उनका जीवन काफी सहज और सुरक्षित हो गया है।

दीनदयाल रसोई के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को मात्र 5 रुपये प्रति थाली की दर से प्रतिदिन लगभग 250 व्यक्तियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए राहत प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी दे रही है। रसोई के संचालन का समय-समय पर अनुश्रवण समिति के सदस्यों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है, जिससे व्यवस्थाओं की गुणवत्ता बनी रहती है। पांढुर्णा क्षेत्र में दीनदयाल रसोई के संचालन से ऐसे गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को, जिनके पास भोजन करने हेतु पर्याप्त संसाधन नहीं हैं, सस्ती दर पर भरपेट, पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध हो रहा है।

## ग्रामीणों को जल संरक्षण की भी दिलाई गई शपथ



**छिन्दवाड़ा।** स्वच्छता एवं जल के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं, ताकि इन प्रयासों से स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सके। इसी उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत आज ग्राम सलैयाढाना में हैंडपंप के आसपास स्वच्छता अपनाने के लिये जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेक्टर 03 के परामर्शदाता श्री श्यामल राव ने उपस्थित ग्रामीणों, एमएसडब्ल्यू एवं प्राथमिक शाला के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम स्वच्छता के सात प्रमुख घटकों को अपनाएं - जैसे प्रत्येक घर में बने शौचालय का नियमित उपयोग, हैंडपंप के आसपास साफ-सफाई बनाए रखना, बेकार पानी की निकासी के लिए सोख पीट बनाना, कूड़ा-करकट का निर्धारित स्थान पर निपटान, घरेलू एवं व्यक्तिगत स्वच्छता, पेयजल और भोजन की स्वच्छता तथा परिसर की साफ-सफाई तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है।

### 20 से 27 अप्रैल तक इसरों के विभिन्न केन्द्रों का भ्रमण कर वैज्ञानिक जानकारी ग्रहण करेगे

## सांदीपनि विद्यालय के 11 विद्यार्थी विज्ञान मंथन यात्रा में भाग लेने के लिए भोपाल रवाना

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी के 11 विद्यार्थियों का चयन विज्ञान मंथन यात्रा हेतु किया गया है। संस्था प्राचार्य हुमराज पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चयन एम पी काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के दिशा निर्देशों के तहत किया गया है। यह कार्यक्रम मिशन एक्सीलेंस मध्यप्रदेश सरकार की 11 वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। जिसमें चयनित विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षित करना और चुने गए विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभाओं का चयन किया जाता है।

इस योजना में कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 10 वीं, 11 वीं एवं 12 वीं के कुल 11 छात्र-छात्राएँ शामिल हैं, इन विद्यार्थियों में कक्षा 10 वीं से कुमारी रानी पंचेश्वर, कुमारी माही पटले, कुमारी गरिमा सिंह कोहरे, हर्ष नेमा, पीयूष बाहेश्वर, उज्जवल बारमाटे, कक्षा 11 वीं से कुमारी हेमा उइके, कुमारी रीना वाडिवा, कुमारी टीना मर्सकोले, कक्षा 12 वीं से कुमारी अश्मि बिसेन, प्रियांशु चौधरी शामिल है। जो 20 अप्रैल से 27 अप्रैल 2026 तक अनुसंधान केंद्र इसरो के विभिन्न नगरों में स्थित केन्द्रों का भ्रमण करेंगे। इन सभी विद्यार्थियों का चयन पिछले सत्र में उनके परीक्षा परिणामों के आधार पर किया गया है।

यात्रा के दौरान संस्था के शिक्षक प्रवीण राणा मार्गदर्शक की भूमिका निभाएंगे। चयनित विद्यार्थियों का दल 19 अप्रैल 2026 की शाम को विज्ञान भवन भोपाल के लिए वारासिवनी बस स्टैंड से रवाना किया गया। विद्यालय परिवार के प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले, बोर्ड परीक्षा प्रभारी लखन रिनायत, वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती वंदना शर्मा, श्रीमती श्यामकला वड़ीचार, श्रीमती डॉ. प्रिया शर्मा, श्रीमती सविता सातदेवे, श्रीमती स्वाति बारमाटे, श्रीमती भावना पटले श्रीमती प्रियंका देशमुख, श्रीमती श्यामा कातरे, कुमारी रितिका जैन, विजय गजभिये, डेलेन्द्र मेश्राम, कमल टेंभरे, अमित डोंगरे सहित समस्त शाला परिवार ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो युवक घायल

### घटना सीएम राइज स्कूल वारा के सामने की

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



रविवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे वारासिवनी बालाघाट सड़क मार्ग पर सी एम राइस शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने एक भीषण दुर्घटना में 24 वर्षीय बुलेरो वाहन चालक जितेंद्र पिता रमेश बावने सिहोरा हट्टा बालाघाट ग्रामीण थाना निवासी की घटना स्थल पर मौत हो गई और उसमें सवार दो युवक ओम पटले और प्रफुल्ल पटले गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए बालाघाट भेजा गया है। वहीं दूसरी कार में सवार सायलगांव मलाजखंड निवासी धरमवीर गौतम 37 वर्ष, पत्नी मेघा 31 वर्ष और पुत्र रुद्रांश 3 वर्ष इस दुर्घटना में बाल बाल बच गए। बालक रुद्रांश को कमर में हल्की चोट आई है।

जानकारी अनुसार मलाजखंड के ग्राम सायलगाव निवासी धरमवीर गौतम को अपने परिवार के साथ पूना जाना था। जिसके लिए वह शनिवार की रात्रि में बालाघाट में आकर अपने परिजन के घर में रुक गए थे और बालाघाट से रविवार की सुबह लगभग 5 बजे वह बालाघाट से रवाना हुए थे। जब वह वारासिवनी-बालाघाट मार्ग पर स्थित सीएम राईज शासकीय टिहलीबाई विद्यालय के सामने पहुँचे, तो वहॉ पर बने हुए स्पीड ब्रेकर को देखकर उन्होंने अपनी कार की रफ्तार धीमी की। इसी बीच पीछे से आ रही एक बुलेरो वाहन के चालक जितेन्द्र बावने ने उनकी कार को जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार से टकराने के बाद बोलेरो वाहन लगभग सौ मीटर तक घसीटते हुए चला गया। इस दुर्घटना में बुलेरो चालक जितेन्द्र स्टेयरिंग में फॅस गया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उसमें बैठे हुए वारासिवनी शिवधाम मोहल्ला निवासी ओम पटले और ग्राम झाड़गॉव निवासी प्रफुल्ल पटले को गंभीर चोटे आई। जिन्हें उपचार के लिए बालाघाट ले जाया गया है।

इस दुर्घटना की जानकारी मिलने पर टी आई पवन यादव पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही कर मृतक के शव को शासकीय चि कि त सा ल य वारासिवनी लाया गया है। जहॉ पर मृतक युवक का पोस्टमार्टम करने के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की जांच कार्यवाही की जा रही हैं।

### इनका कहना है

दुर्घटना की जानकारी मिली थी। जिससे घटनास्थल पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया है। घायलों को बालाघाट भेज दिया गया है। वहीं वाहन चालक की स्टेयरिंग में फॅसने से मौत हो गई है। घटना की जॉच की जा रही है।

**पवन यादव**
**थाना प्रभारी वारासिवनी।**

## दुल्हापुर हादसे में आरोपी चालक पर पुलिस ने किया केस दर्ज, तीन वाहनों की टक्कर में परिवार हुआ था घायल

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी तहसील के ग्राम दुल्हापुर में शुक्रवार-शनिवार की देर रात हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कारज्वाई शुरू कर दी है। तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने के आरोप में अर्टिगा कार क्रमांक एमपी 50 जेडसी 3931 के चालक पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125(ए), 281 सहित अन्य धाराओं में प्रकरण कायम किया गया है। इस मामले में घायल लक्ष्मी पति शैलेश शिंदेकर, निवासी ग्राम मेंहदी, पारसिवनी (नागपुर ग्रामीण, महाराष्ट्र) की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। उन्होंने बताया कि वे अपने परिवार के साथ ग्राम गुलवा भानेगांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद कटंगी-लांजी लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।घटना के दौरान आरोपी चालक की अर्टिगा (एमपी 50 जेडसी 3931) अनियंत्रित होकर पहले स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमएच 14 एफजी 9841 से टकराई, जिससे स्कॉर्पियो का साइड हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद अर्टिगा ने आगे चल रही कार क्रमांक एमएच 14 एफजी 9779 को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें शिकायतकर्ता का परिवार सवार था। इस टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में लक्ष्मी शिंदेकर, उनके पति शैलेष शिंदेकर, मां रजनी उमरे, 5 वर्षीय बेटी उन्नती शिंदेकर और 2 वर्षीय पुत्र भाविक शिंदेकर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मदद करते हुए घायलों को बाहर निकाला और सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार सभी की हालत अब खतरे से बाहर है। यह घटना एक बार फिर यह चेतावनी देती है कि नशे में वाहन चलाना कितना घातक हो सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे लापरवाह चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और रात्रिकालीन गश्त को और सख्त किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

### लांजी पुलिस की रातभर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेत जब्त, बिना रॉयल्टी कर रहे थे परिवहन

## अवैध रेत परिवहन पर पुलिस का बड़ा एक्शन, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जिले में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन में जिलेभर में चल रहे अभियान के तहत लांजी थाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रेत से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। इस कार्रवाई को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला एवं एसडीओपी लांजी ओम प्रकाश के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। जानकारी अनुसार 18-19 अप्रैल 2026 की दरमियानी रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टेमनी के रेत घाट से दो व्यक्ति अवैध रूप से रेत परिवहन करने वाले हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने ग्राम टेमनी में बोलेगांव मार्ग पर घेराबंदी की। कुछ ही देर में दो नीले रंग के पावरट्रैक ट्रैक्टर-ट्रॉली आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों चालक भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें पकड़ लिया। जांच के दौरान ट्रॉली में रेत भरी पाई गई। जब चालकों से रॉयल्टी या अन्य वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम तोमेन्द्र उर्फ साहिल सिंह सोलंकी पिता लोटन सिंह सोलंकी, 21 वर्ष, तथा नवीन सिंह चंदेल पिता नत्थूसिंह चंदेल, 23 वर्ष, दोनो निवासी ग्राम टेमनी थाना लांजी बताए। दोनों आरोपी अपने-अपने ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50 जेडबी 3042 एवं एमपी 50 एए 2404 में अवैध रेत परिवहन कर रहे थे। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध खनिज सहित जब्त कर लिया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5-5 हजार रुपये बताई गई है। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 119/2026 के तहत धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 4/21 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दीप सिंह परमार, सहायक उपनिरीक्षक परमानंद भगत, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र, आरक्षक सुजीत, चेतन, आशुतोष एवं संजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल का परीक्षाफल सराहनीय रहा

**वारासिवनी/** स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल का माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल का परीक्षाफल सराहनीय रहा। हायर सेकेण्डरी कक्षा 12 वीं के कला संकाय में कु0 इकरा खान ने 78.2 प्रतिशत, कु0 महिमा मालाधारे 77.8 प्रतिशत तथा नीलेश नंदेश्वर ने 73.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त हाईस्कूल परीक्षा कक्षा 10 वीं में कु0 रागिनी हेड़ाऊ ने 89.8 प्रतिशत, हर्ष वरकड़े 86.8 प्रतिशत, भाविका नगपुरे 85.8 प्रतिशत, यश नगपुरे 83 प्रतिशत, शिवम माहुरकर 82.8 प्रतिशत एवं चाहत बघेले ने 81.2 प्रतिश अंक प्राप्त किये।

# NH-44 पर स्ट्रीट लाइट बंद, अंधेरे में गुजरने को मजबूर राहगीर

## सिवनी से मोहगांव तक सैकड़ों लाइटें लगीं, लेकिन चालू नहीं—रिंग रोड पर बढ़ा खतरा



**सिवनी : सिवनी से मोहगांव तक राष्ट्रीय राजमार्ग NH-44 पर लगाई गई स्ट्रीट लाइटें केवल दिखावा बनकर रह गई हैं। सैकड़ों की संख्या में लगाए गए ये पोल और लाइटें अब तक चालू नहीं हो पाई हैं, जिससे शाम ढलते ही पूरा मार्ग अंधेरे में डूब जाता है।**

छिंदवाड़ा रोड पर बनी रिंग रोड की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां दोनों ओर स्ट्रीट लाइटें होने के बावजूद रात में घना अंधेरा छा जाता है। सिवनी से कलबोड़ी, सुकतरा होते हुए मोहगांव तक यही हाल देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। वहीं, करोड़ों रुपये खर्च कर लगाए गए इन लाइटों का उपयोग न होना विभागीय लापरवाही को उजागर करता है।

लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को जल्द से जल्द चालू कराया जाए, ताकि सड़क पर आवागमन सुरक्षित हो सके।

# 16 से 30 अप्रैल तक घर बैठे करें स्व-गणना, वेबसाइट पर सरल प्रक्रिया से भरें जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

गृह सचिव, भारत सरकार एवं राज्य नोडल अधिकारी, जनगणना-2027 के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत स्व-गणना (Self Enumeration) की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह कार्य 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि में सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल (se.census.gov.in) पर जाकर स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज करें, जिससे जनगणना कार्य अधिक सटीक एवं सुगम बन सके।

स्व-गणना की चरणबद्ध प्रक्रिया चरण-1: पोर्टल पर जाकर राज्य/जिला चुनें एवं कैप्चा भरकर आगे बढ़ें। चरण-2: मोबाइल नंबर दर्ज कर OTP के माध्यम से लॉगिन करें एवं SE ID प्राप्त करें। चरण-3: अपनी भाषा का चयन करें (बाद में परिवर्तन संभव नहीं होगा)। चरण-4: जिला, पिन कोड, गांव/नगर एवं मकान से संबंधित जानकारी दर्ज करें। चरण-5: मानचित्र (मैप) पर अपने निवास स्थान का सटीक स्थान चिन्हित करें। चरण-6: परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी सावधानीपूर्वक भरें। चरण-7: दर्ज जानकारी का परीक्षण कर अंतिम रूप से सबमिट करें। चरण-8: सफलतापूर्वक सबमिशन के बाद प्राप्त 11 अंकों की SE ID सुरक्षित रखें। चरण-9: आवश्यक होने पर जनगणना प्रगणक को SE ID उपलब्ध कराएं, जिससे सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि से पूर्व स्व-गणना पूर्ण करना आवश्यक है। यदि किसी कारणवश स्व-गणना नहीं की जाती है, तो जनगणना प्रगणक द्वारा परिवार की जानकारी पुनः एकत्र की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समय-सीमा के भीतर स्व-गणना पूर्ण करें।

**खबर संक्षेप**

### एकत्व महिला परिषद, सिवनी शाखा द्वारा अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, सुंदरी संभाग के अंतर्गत एकत्व महिला परिषद, सिवनी शाखा द्वारा अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मोली जैन जी के सानिध्य में नवीन कार्यकारिणी का गठन संपन्न हुआ।

समारोह में अध्यक्ष पद पर श्रीमती स्वाति जैन, सचिव पद पर श्रीमती नीलम जैन तथा कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती पूर्वी जैन को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही द्वितीय चरण में प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी के रूप में श्रीमती अंजली जैन, प्रांतीय प्रभारी के रूप में श्रीमती नीलम जैन तथा प्रीति कौशल प्रांतीय चेयरपर्सन के रूप में श्रीमती अनीता जैन को दायित्व सौंपा गया।

कार्यक्रम में अन्य सदस्यों—श्रीमती सुधा जैन, श्रीमती सुनीता जैन वैसाखिया, सीमा, अभिलाषा, सुनीता, नीलम, पारुल, अलका, रोशनी एवं भावना जैन सुनीता जैन अभिभाषा जैन ॠतु ,जैन रुचि जैन सुरभि ज्योति ,मोनिका चौधरी,रानूजैनसहित सभी ने निष्ठापूर्वक शपथ ग्रहण की।

समारोह के अंतिम चरण में सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए जनसंपर्क प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती अंजलि विजय जैन की ओर से सेबच्चों को स्टेशनरी सामग्री एवं पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही ई-स्टडी हेतु स्केल, पेंसिल, रबर प्रदान किए गए तथा पक्षियों के लिए सकोरे भी वितरित किए गए, जिसकी व्यवस्था जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती अंजली जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम ने समाज सेवा, शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ एक प्रेरणादायी समापन प्राप्त किया।

### गेहूं उपार्जन केंद्र मेहता का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, किसान दीपचंद का सम्मान कर किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने घंसौर विकासखंड के प्रवास के दौरान गेहूं उपार्जन केंद्र मेहता का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, किसानों के पंजीयन, भुगतान की स्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने केंद्र में गेहूं लेकर पहुंचे किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान उन्होंने किसान श्री दीपचंद से चर्चा करते हुए उनकी उपज एवं उपार्जन प्रक्रिया के अनुभव के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा पुष्पमाला पहनाकर उनका सम्मान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि किसान हमारी प्राथमिकता हैं और उपार्जन केंद्रों पर उन्हें सम्मानजनक एवं सुगम व्यवस्था मिलना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी घंसौर श्री बिसन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पर्याप्त तिरपाल, पेयजल, छाया, तौल मशीनों की सुचारु व्यवस्था तथा समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने उपार्जन कार्य में पारदर्शिता एवं तत्परता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

### जनगणना 2027: विधायक श्री राय ने स्व गणना कर अन्य जिलेवासियों से भी की अपील

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी विधायक श्री दिनेश राय द्वारा अपने निवास से वर्ष 2027 की जनगणना के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण' के अंतर्गत स्व-गणना (**Self Enumeration**) का पंजीयन कर एक प्रेरक शुरुआत की गई। उन्होंने अन्य नागरिकों को भी स्व गणना के लिये प्रेरित किया है। जिला प्रशासन के अनुसार स्व-गणना की यह व्यवस्था नागरिकों को सशक्त बनाते हुए उन्हें जनगणना प्रक्रिया से सीधे जोड़ने का माध्यम है। अब आमजन घर बैठे ही अपनी पारिवारिक एवं आवासीय जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध बन रही है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि सटीक आंकड़ों के आधार पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# ब्रांच मैनेजर ने सदस्यता अभियान अंतर्गत मुंगवानी में वितरित किए फॉर्म

**मुंगवानी : सहकारिता के माध्यम से किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान को गति दी जा रही है।**

इसी क्रम में कृषि शाखा सिवनी के ब्रांच मैनेजर डी. के. ब्रह्मवंशी समिति मुंगवानी पहुँचे, जहाँ उन्होंने नवीन किसानों को सदस्यता फॉर्म वितरित किए और उन्हें सहकारी संस्था से जुडऩे के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ब्रांच मैनेजर ने उपस्थित किसानों को समिति से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं जैसे शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, खाद-बीज की समय पर उपलब्धता एवं अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनने का आह्वान किया, ताकि उन्हें योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

इस दौरान समिति मुंगवानी के मैनेजर जोगेश ठाकुर सहित संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता से सदस्यता अभियान के प्रति उत्साह देखा गया।

इसके पूर्व ब्रांच मैनेजर डी. के. ब्रह्मवंशी ने समिति कातलबोड़ी (लखनवाड़ा) पहुँचकर भी इसी प्रकार की कार्यवाही की थी। वहाँ लखनवाड़ा के मैनेजर सुनील कुमार सनोडिया, सुमित जैन सहित अन्य समिति कर्मचारियों व किसानों की उपस्थिति रही, वहीं कृषि शाखा के कर्मचारी चयन सिंह पटले भी उपस्थित रहे।

समिति प्रबंधन के अनुसार सदस्यता अभियान निर्धारित अवधि तक जारी रहेगा तथा अधिक से अधिक किसानों को जोडऩे के लिए सतत

# योजनाओं का असर जमीन पर: कलेक्टर ने दूध प्रसंस्करण इकाई का किया अवलोकन, सराहा और बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

घंसौर प्रवास के दौरान कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत स्थापित दूध प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभाव को परखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यूनिट में स्थापित आधुनिक मशीनों—बल्क मिल्क कूलर, पाश्चुरीकरण यूनिट, पनीर-खोवा निर्माण एवं पैकिंग मशीन—का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने कच्चे दूध के संग्रहण से लेकर तैयार उत्पाद के विपणन तक की पूरी प्रक्रिया को समझा और यह जाना कि किस प्रकार स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन कर आय में वृद्धि की जा रही है।



कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने उद्यमी श्री राजेश पटेल से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि "पारंपरिक व्यवसाय को आधुनिक तकनीक से जोड़कर आगे बढ़ाना ही आज की जरूरत है। ऐसे मॉडल जिले के अन्य किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं।"

नागरिकों के लिए संदेश देते हुए कलेक्टर ने अपील की कि किसान, स्व-सहायता समूह एवं युवा वर्ग आगे आकर प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ लें और स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योग स्थापित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं बैंकिंग सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वरोजगार से जुड़ सकें।कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सफल मॉडलों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जाए, ताकि जिले में रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें।

# जनता नगर बायपास चौराहे पर ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, दहशत में लोग

सिवनी जिले के डूण्डासिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटंगी रोड स्थित डोरली छतरपुर में रविवार दोपहर लगभग 1 बजे एक बिजली ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट हो गया। विस्फोट के बाद लगी आग ने पास की एक टायर दुकान और चाय-पान दुकान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रांसफार्मर में पहले तेज स्पार्किंग हुई, जिसके बाद जोरदार विस्फोट हुआ। आग की लपटें तेजी से फैलीं और पास की दुकानों में रखे सामान जलने लगे। टायर दुकान में आग फैलने से स्थिति और गंभीर हो गई, क्योंकि टायरों के जलने से धुआं और लपटें तेजी से बढ़े।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली कंपनी के अधिकारियों और दमकल वाहन संचालित करने वालो को जानकारी दी। कंपनी ने तुरंत क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका टल गई। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से दोनों दुकानों में काफी नुकसान होने का अनुमान है। हालांकि, इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



तकनीकी खराब से हादसा

डूंडा सिवनी थाना प्रभारी चेनसिंह उइके ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना मिली थी और मामले की जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी को हादसे की वजह माना जा रहा है।

# स्कूलों का समय बदला, अब 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगेंगी कक्षाएं, आदेश जारी

## जिले में भीषण गर्मी और लू (हीट वेव) के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर नेहा मीना ने स्कूली बच्चों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है।

जिले में ग्रीष्म ॠतु में तापमान में हो रही वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इस हेतु जिला शिवनी की समस्त शासकीय अशासकीय नवोदय विद्यालय सी.बी.एस.ई. आई.सी.एस.ई माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं अन्य बोर्ड से संबंधित संस्थाओं में कक्षा नर्सरी (प्ले ग्रुप) से कक्षा 12 तक के विद्यालयों के मद्देनजर जिले के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों के संचालन समय में तत्काल प्रभाव से परिवर्तन करने का महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय सारणी अनुसार रहेगा।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। ज्ञात हो कि जिले में इस वर्ष मई-जून जैसी तपिश अप्रैल में ही महसूस की जा रही है। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 17 अप्रैल से हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई है। जिले में तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए फ्रीलांसर जर्नलिस्ट जितेंद्र सिंह ने नवागत कलेक्टर नेहा मीना से अन्य जिलों की भांति सिवनी जिले में भी विद्यालय संचालन में परिवर्तन किए जाने की मांग की थी। ताकि नन्हे मुन्ने बच्चों को पठन-पाठन में आसानी हो सके। कलेक्टर से यह भी निवेदन किया था कि बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत सहानुभूति पूर्वक निर्णय लिए जाना चाहिए।जिसे कलेक्टर नेहा मीना ने त्वरित स्वीकृति प्रदान करते हुए आदेश जारी कर दिए हैं।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में आज मनाया जायेगा भगवान लक्ष्मी नारायण का वार्षिक पाटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी के स्थानीय बस स्टैंड स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आगामी 20 अप्रैल (अक्षय तृतीया) के पावन अवसर पर भगवान लक्ष्मी नारायण का वार्षिक पाटोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर का स्थापना वर्ष 2013 में ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के सान्निध्य में हुई थी, जिसके बाद से प्रतिवर्ष पाटोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का विस्तृत विवरण इस प्रकार हैत्न प्रातः 6 बजे विशेष पूजन एवं अभिषेक प्रातः 7.30 बजे सहस्त्रनाम अर्चन संध्या काल भव्य महाआरती एवं विशाल महाप्रसाद वितरण धार्मिक अनुष्ठान पं. हेमंत त्रिवेदी एवं राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न होंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर एवं अन्य सदस्यों ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान के दर्शन करने एवं प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

# हाईकोर्ट का सख्त प्रहार: निजी जमीन को सार्वजनिक भूमि (तालाब)बताकर गुमराह करने की साजिश बेनकाब

## याचिका खारिज, झूठे तथ्यों पर न्यायालय की तल्ख टिप्पणी—क्षेत्र में मचा हड़कंप

सिवनी/ घंसौर क्षेत्र का चर्चित भूमि मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने ऐसा फैसला सुनाया है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। वर्षों से तालाब के नाम पर चल रहे इस महा विवाद पर अदालत ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट कर दिया कि सत्य को प्रताड़ित किया जा सकता है, लेकिन परास्त नहीं। कोर्ट के इस कड़े रुख के बाद अब कई सवाल खड़े हो गए हैं और मामले ने तूल पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार चर्चित भूमि को सार्वजनिक तालाब घोषित कराने की मांग को लेकर दायर याचिका को हाईकोर्ट ने सिरे से खारिज कर दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में साफ कहा कि संबंधित भूमि किसी भी रूप में सार्वजनिक संपत्ति नहीं, बल्कि पूरी तरह निजी स्वामित्व की जमीन है, जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। कोर्ट ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत तथ्य भ्रामक और वास्तविकता से परे थे। इस मामले में लंबे समय से चल रही खींचतान को लेकर राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में भी हलचल रही है। आरोप लगते रहे कि निजी भूमि को तालाब बताकर दबाव बनाने और छवि धूमिल करने की कोशिश की गई। लेकिन हाईकोर्ट के फैसले ने इन सभी दावों की हवा निकाल दी है।

अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि याचिका में तथ्यों को तोड़-मरोडक़र पेश किया गया, जिससे न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास स्पष्ट नजर आता है। यही वजह रही कि न केवल याचिका खारिज की गई, बल्कि प्रस्तुत जानकारी को भी गलत करार दिया गया।

सूत्रों की मानें तो इस फैसले के बाद क्षेत्र में भूचाल जैसी स्थिति बन गई है। जिन लोगों ने अब तक इस मुद्दे को लेकर माहौल गर्म किया हुआ था, अब वे बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। वहीं, भूमि मालिक पक्ष ने राहत की सांस ली है और इस सच्चाई की जीत बताया है।

इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि न्यायालय में केवल ठोस और सत्य तथ्य ही टिकते हैं। अब देखना यह होगा कि इस फैसले के बाद प्रशासन और संबंधित पक्ष आगे क्या कदम उठाते हैं, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि हाईकोर्ट के इस कड़े फैसले ने पूरे क्षेत्र में तहलका मचा दिया है।

## जिले के दूरस्थ ग्राम से हुई सेक्टोरियल भ्रमण की शुरुआत

# मैदानी हकीकत जानने पहुँची कलेक्टर श्रीमती मीना, घंसौर के रजरवाड़ा में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से किया सीधे संवाद

**जिले के सुदूर जनजातीय अंचल में शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है या नहीं—इसकी जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना घंसौर विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम रजरवाड़ा पहुँचीं।**

यहाँ उन्होंने चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और योजनाओं के क्रियान्वयन, सेवाओं की उपलब्धता तथा स्थानीय समस्याओं पर खुलकर फीडबैक लिया।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने चौपाल में पंचायत, आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय स्कूल, स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न खण्ड स्तरीय कार्यालयों की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की। ग्रामीणों से एक-एक कर चर्चा करते हुए उन्होंने पूछा कि केंद्र नियमित रूप से खुलते हैं या नहीं, कर्मचारियों की उपस्थिति कैसी रहती है और योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है या नहीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में सक्रिय रहकर व्यवस्थाओं को सुधारें और केवल कागजी प्रगति तक सीमित न रहें। कलेक्टर श्रीमती मीना ने स्पष्ट कहा कि पंचायत, आंगनवाड़ी और स्कूल जैसे मूलभूत संस्थान ग्रामीण जीवन की धुरी हैं, इसलिए इनका नियमित संचालन सुनिश्चित करना प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत स्तर पर नियमित जनसुनवाई आयोजित हो, प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसकी पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ समय पर मिले। साथ ही ग्राम सभाओं का व्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि विकास कार्यों में ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ सके।

# सिवनी-मंडला मार्ग पर सडक़ हादसे में हिरण की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में सिवनी-मंडला मार्ग पर एक सडक़ हादसे में हिरण की मौत हो गई। यह घटना शनिवार रात ग्राम कामता के पास हुई। एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सडक़ पार कर रहे हिरण को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गर्मी के कारण जंगलों में पानी और भोजन की कमी हो रही है। इसी वजह से वन्यप्राणी अक्सर आबादी वाले इलाकों और खेतों की ओर आ रहे हैं। बताया गया कि मृत हिरण भी भोजन और पानी की तलाश में जंगल से निकलकर सडक़ पार कर रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। उन्होंने तत्काल वन विभाग और पुलिस को इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर वन्यजीवों की आवाजाही सामान्य है, लेकिन वाहनों की तेज रफ्तार के कारण ऐसे हादसे बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर गति सीमा निर्धारित करने और चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। टीम ने मृत हिरण का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई।अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और अज्ञात वाहन की पहचान के प्रयास जारी हैं।

यह घटना वन्यजीवों की सुरक्षा पर एक बार फिर ध्यान आकर्षित करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंगलों के घटते क्षेत्र और बढ़ती गर्मी के कारण वन्यजीवों का आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आना स्वाभाविक हो गया है। ऐसे में सडक़ सुरक्षा उपायों को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है।

# भाजपा नेता के बिगड़े बोल, खाद्य अधिकारी को धमकाया कहा लालबर्रा हमारा है!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में राइस मिलर्स एसोसिएशन ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज विश्वकर्मा पर जांच के दौरान 20 हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया है। मिलर्स का कहना है कि शनिवार को अधिकारी बाहरी व्यक्ति के साथ मिल पहुंचते हैं और जांच के नाम पर पैसे की मांग करते हैं। अधिकारी नीरज विश्वकर्मा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

इसी बीच, स्वयं को भाजपा कोषाध्यक्ष बता रहे राजेश वर्मा का एक ऑडियो रविवार को सामने आया है। इसमें वह अधिकारी को धमकाने वाले लहजे में बात करते सुनाई दे रहे हैं। ऑडियो में वर्मा अधिकारी से कहते हैं, ₹लालबर्रा में आना नहीं, लालबर्रा हमारा है, आप बात समझ लो, स्पष्ट लाइन में।₹ हालांकि, राजेश वर्मा ने धमकी देने से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि दुकानदारों की शिकायत के बाद उन्होंने केवल अधिकारी से कार्रवाई को लेकर बात की थी।

इस घटना के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज विश्वकर्मा ने कलेक्टर मृणाल मीणा से शिकायत की है। अपनी शिकायत में उन्होंने बताया कि सिद्धी विनायक राइस इंडस्ट्रीज के निरीक्षण के दौरान उन्हें मिल में काफी गंदगी और मकड़ी के जाले मिले थे। उन्होंने बताया कि मकड़ी के मल से चावल और धान के बोरों में चिपकने से बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा होता है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

अधिकारी ने मिल प्रोपराइटर को निरीक्षण में मिली खामियों के बारे में बताया था। मिल में कीट, चूहों और सांपों के उपचार की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। विश्वकर्मा के अनुसार, इस दौरान राइस एसोसिएशन अध्यक्ष आनंद ठाकरे अपने साथ 5-6 लोगों को लेकर आए।

कार्रवाई का विरोध करते हुए जोर-जोर से बातें कर उनके कार्य में बाधा डाली। उन्होंने अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया, जिसके बाद शासकीय कार्रवाई रोककर उन्हें जबरन बालाघाट लाया गया और विवाद पैदा किया गया।

राजेश गोस्वामी (भाजपा कोषाध्यक्ष) - राजेश गोस्वामी बोल रहा था भाजपा कोषाध्यक्ष, इतना क्यों आतंक करके रखे, हर गरीब आदमी, किराना वालों को परेशान कर पांच-पांच दस-दस हजार रुपए मांग रहे हैं, किराना वालों को सबको ले जाकर कलेक्टर के पास ले जाकर सस्पेंड कराना पड़ेगा, सीएम आएंगे उस दिन खड़े कराना पड़ेगा, हेलीपेड पर खड़े कराना पड़ेगा। किराना दुकान से जीरे तक पैकेट ले जा रहे हैं। सीएम साहब के सामने से बोलूंगा जीरे पैकेट उठा रहे हो, बिस्किट तो पैकेट उठा रहे हो, शर्म आनी चाहिए, थोड़ी सीङ्ख

नीरज विश्वकर्मा (खाद्य सुरक्षा अधिकारी) -सैंपल तो उठाना पड़ता है ना

गोस्वामी -सैंपल नहीं उठा रहे हो, अपनी बीबी के कहने पर घर ले रहो हो पैकेट के पैकेट, ऐसे लोगों के यहां से उठा रहे हैं, जिसके घर पर खाने को नहीं है, दो रुपए रोज कमा रहे हैं, यह बात बोले तो कल कलेक्टर के सामने रखूं, दुकान वालों को पहुंचा दूं और आपको सस्पेंड करवा दूंगा।

विश्वकर्मा -यह कौन सी दुकान की बात आप कर रहे हो

गोस्वामी -सारी दुकान से, लालबर्रा में आना नहीं, आना तो किसी के यहां से फर्जी काम नहीं करना, लालबर्रा हमारा है, आप बात समझ लो, स्पष्ट लाइन में, जिसने किसी ने शिकायत तो यही से किसी से तुम्हें लोकायुक्त से पकड़ा दूंगा, तुरंत, पांच हजार-दस हजार, सब अपनी हरकते बंद करो, सरकरा पैसे दे रही हमारी।

विश्वकर्मा -सर हमें पकड़ा दीजिए

गोस्वामी- पैसे मांगे तो जेल भिजवा दूंगा, पांच-पांच दस-दस हजार रुपए मांग रहे हैं, जुबेर जैसे आदमी के यहां से, बेचारे, उतने गरीब आदमी के यहां से, किराने से जीरे तक तक के पैकेट ले गए उठा के, आपको शर्म आनी चाहिए आपको, तीन बच्चे पाल रहा है।

विश्वकर्मा -कोई गरीब नहीं है, गरीबी का सर्टिफिकेट दे दीजिए

गोस्वामी -गरीबी का सर्टिफिकेट आपको नहीं पता, कैसे पाल रहा कैसे घर चला रहा है, अभी ढाई लाख का कर्जा है, 25 हजार का किराया देता है।

विश्वकर्मा -किसके यहां मैं कार्रवाई करूं यह आप बता दीजिए हमको

गोस्वामी - आप कार्रवाई करें, जिसके यहां भी करना है, लेकिन थोड़ा हिसाब से चले, जिसमें लोगों की जान ना जाए।

विश्वकर्मा -मैं नहीं ले रहा जान किसी की, आप पॉवर में बैठे है तो झूठे इल्जाम लगा लीजिए मेरे ऊपर

गोस्वामी - जिस दिन सीएम साहब आएंगे उस दिन जवाब देना।

विश्वकर्मा -हम भी जवाब देंगे, अगर आप इस तरह की बात करेंगे।

गोस्वामी - जिस दिन आपको सस्पेंड कर दिया जाएगा, उस दिन जवाब नहीं चलेगा।

विश्वकर्मा -कोर्ट में घसीटूंगा तैयार रहना, जो शासन के आदेश होते हैं, भोपाल से।

गोस्वामी - शासन के आदेश से काम करोंगे तो कुछ नहीं होगा, दाल में नमक नहीं लोंगे तो कुछ नहीं होगा।

विश्वकर्मा -कोई नमक नहीं लेता, मुझे नमक चाहिए, ना जीरा चाहिए।

गोस्वामी - जीरा कंपनी वालों ने बनाया है।

विश्वकर्मा -अरे सुनो, सुन, शासन जो नियम बनाएगा तो हम उनका पालन करेंगे, गाली गल्लौज करोंगे तो कोर्ट जाउंगा, झूठे इल्जाम मत लगाओ।

# बालाघाट में गेहूँ खरीदी शुरू, 13 उपार्जन केंद्रों पर नोडल अधिकारी तैनात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत किसानों से गेहूँ खरीदी का कार्य 15 अप्रैल से शुरू हो गया है। कलेक्टर मृणाल मीना ने खरीदी प्रक्रिया को सुचारु एवं पारदर्शी बनाने के लिए जिले के 13 उपार्जन केंद्रों पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। नियुक्त नोडल अधिकारी खरीदी केंद्रों की गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि पंजीकृत किसानों को समय पर टोकन जारी हो तथा निर्धारित मात्रा के अनुसार गेहूँ की तौल और भंडारण सही तरीके से हो। साथ ही, खरीदे गए गेहूँ के परिवहन और गोदामों में सुरक्षित स्टैकिंग की व्यवस्था भी उनकी जिम्मेदारी होगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। यदि किसी समस्या का निराकरण तत्काल संभव नहीं हो पाता है, तो उसे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उपार्जन केंद्रों पर बारदान (जूट के बोरे) की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। कमी की स्थिति में संबंधित अधिकारी जिला प्रबंधक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन और ई-उपार्जन वाट्सएप समूह के माध्यम से तत्काल सूचना देंगे। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने पंजीकरण और टोकन के आधार पर ही गेहूँ विक्रय के लिए उपार्जन केंद्रों पर पहुंचें, ताकि खरीदी कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

13 उपार्जन केंद्रो में नियुक्त नोडल अधिकारी

बालाघाट तहसील के ग्राम लामता के उपार्जन केन्द्र लामता केंद्र क्रमॉक 01 के लिए कृषि विस्तार अधिकारी श्री लक्ष्मीकांत खांडेकर मो.नं. (7869127177) एवं पायली उपार्जन केंद्र में कृषि विस्तार अधिकारी श्री रेखचंद मनघटे (9424371365) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह किरनापुर तहसील के ग्राम बडगांव उपार्जन केंद्र क्रमांक 01 में कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमति महेश्वरी भालाधरे ( 9165605413), लांजी तहसील के उपार्जन केंद्र लांजी केंद्र क्रमांक 01 में श्री अमित नारनौरे (7697109065), वारासिवनी तहसील के उपार्जन केन्द्र वारासिवनी केन्द्र क्रमांक 01 में श्री गौतम पुसामे (8858958246), खैरलांजी तहसील के ग्राम खैरलांजी उपार्जन केंद्र किन्ही मंडी शेड केन्द्र क्रमांक में श्रीमति करूणा उके ( 9424992190), कटंगी तहसील के ग्राम थाना उपार्जन केन्द्र कटंगी नंदलेसरा गादाम केन्द्र क्रमांक में कुमारी मोनिका मसराम( 8517034160) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार बैहर तहसील के ग्राम बैहर नजूल उपार्जन केंद्र बैहर नजूल में श्रीमति प्रेमादिनी नाग (8989252838) एवं ग्राम गढी उपार्जन केंद्र परसामाउ गढी में श्री आकाश कुमार ऐडे ( 9584005377), बिरसा तहसील के ग्राम दमोह उपार्जन केंद्र दमोह तरुण वेयरहाउस केंद्र क्रमांक 01 में खिमलेश्वरी धुर्वे ( 7828146461), परसवाडा तहसील के उपार्जन केंद्र परसवाडा सावित्री वेयरहाउस केंद्र क्रमांक में कु. वर्षा तिलगाम ( 7477003892) एवं ग्राम छपरवाही समिति चिखलाझोडी छपरवाही केंद्र क्रमांक 01 में श्री वीरेन्द्र मरकाम ( 9425757274) तथा लालबर्रा तहसील के ग्राम पांढरवानी वृत्ताकार समिति लालबर्रा केंद्र पांढरवानी केंद्र क्रमांक 01 के लिए कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमति प्रतिभा रंगारे (9589178087) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम इज्तेमाई शादी

# 15 नवंबर को होगा सामूहिक विवाह आयोजन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी के तत्वावधान में ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर एक भव्य मुस्लिम इज्तेमाई शादी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम 15 नवंबर 2026, रविवार को अंजुमन शादी हॉल, बैहर रोड, बालाघाट में आयोजित होगा। सोसायटी द्वारा समाज के जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करने और सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है।

कार्यक्रम को लेकर सोसायटी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। आयोजकों के अनुसार विवाह के लिए इच्छुक लड़का-लड़की की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल की मार्कशीट, जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं समग्र आईडी की दो-दो प्रतियां भी जमा करनी होंगी।

इज्तेमाई शादी में शामिल होने वाले दूल्हा-दुल्हन को आवेदन के समय चार-चार पासपोर्ट साइज फोटो भी जमा करना अनिवार्य होगा। सोसायटी ने स्पष्ट किया है कि इस आयोजन के लिए दाखिला शुल्क 5000 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसे दूल्हा और दुल्हन दोनों पक्षों को देना होगा।

सोसायटी के पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में भाग लेने और जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामूहिक विवाह कार्यक्रम से सामाजिक कुरीतियों को कम करने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को राहत देने में मदद मिलती है।

शादी के रजिस्ट्रेशन और अन्य जानकारी के लिए सोसायटी के पदाधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के गणमान्य नागरिकों और युवाओं से सहयोग की अपील भी की गई है। यह आयोजन सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देने के साथ-साथ जरूरतमंदों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

# इंस्टाग्राम आईडी के माध्मय से महिला की फोटो पोस्ट कर अश्लील शब्दों को लेख करने वाले आरोपी को हट्टा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आरोपी द्वारा महिला को बदनाम करने तथा उसकी मर्यादा को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर महिला की फोटो पोस्ट कर अश्लील, अशोभनीय, अपमानजनक शब्दो का लेख कर सार्वजनिक रूप से प्रसारण किया गया थामहिला के पति द्वारा थाना हट्टा में शिकायत दर्ज करवाई गई। > थाना हट्टा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को गोंदिया से किया गिफ्तार । अपराध की घटना - दिनांक 18.04.26 को थाना हट्टा में उपस्थित आकर महिला के पति द्वारा सूचना दी गई की इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से आरोपी द्वारा उसकी पत्नी के फोटो आवेदक व उसके रिश्तेदारो को फॉलो कर इंस्टाग्राम के स्टेटस, हाईलाइट्स पर पोस्ट कर फोटो पर अश्लील शब्दावली लेख कर महिला को बदनाम करने के प्रयास किया जा रहा है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना हट्टा में अपराध क्रमांक 39/2026 धारा 67 आई टी एक्ट, 79. 296 (ए), 336(4),356(2) बी एन एस का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण महिला की गरिमा से संबंधित होने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तत्काल टीम बना कर आरोपी को गिरफ्तार करने के संबंध में थाना प्रभारी हट्टा उनि अविनाश सिहं राठौड को निर्देश दिये गये। प्रकरण में कार्यवाही करते हुये हट्टा पुलिस द्वारा ग्राम उमरी काटी थाना रावनवाडी जिला गोंदिया महाराष्ट्र के आरोपी को गिरफ्तार कर उसका मोबाईल जब्त कर दिनांक 19.04.2026 को माननीय न्यायालय बालाघाट पेश किया गया है। जहां से आरोपी को जिला जेल बालाघाट भेजा गया है। सराहनीय योगदान उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी रजेगांव निरी. कौशल सूर्या, थाना प्रभारी हट्टा उप निरीक्षक अविनाश राठोड, प्र. आर. 941 द्वारिकानारायण दुबे, प्रआर 1035 राजेश पटले, आर. 58 विष्णु प्रताप, आर 92 राकेश पंचेश्वर, मआर 601 कविता खोब्रागढे का सरहानीय योगदान रहा।

# जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता संपन्न, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**बालाघाट।** खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला कराते प्रशिक्षण केंद्र में एक दिवसीय जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला इंडियन कराते संघ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें जिलेभर के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेश पाठक रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय, संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य श्री युवराज रांहगडाले, भोपाल अकादमी के संचालक एवं संरक्षक श्री देवेन्द्र चंदेल तथा जिला कराते संघ के अध्यक्ष श्री तपेश असाटी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# खमरिया मोढ़ाई में हुआ भीषण सड़क हादसा, 1 दंपत्ति की मौत, चार लोग गंभीर रूप से घायल



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** रविवार को दोपहर तकरीबन डेढ़ बजे के आसपास कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर खमरिया मोढ़ाई के पास भीषण सड़क हादसा हुआ हैं। सिवनी रोड़ की ओर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने दो बाइक को अपनी चपेट में लिया। बाइक सवार एक दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दोनों मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में लेने के बाद बोलेरो वाहन भी पलट गया। टक्कर के बाद घटनास्थल पर जमकर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोग तुरंत राहत कार्य में जुट गए थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर डॉयल 112 पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। जिसने घायलों को तत्काल नजदीक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में पाढ़रवानी निवासी लांजेवार दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गई जबकि लालबर्रा के ग्राम मानपुर के पंचेश्वर दंपत्ति और उनके दो मासूम बच्चे घायल हुए। सड़क हादसे के बाद बोलेरो वाहन चालक और वाहन में सवार सभी लोग घटनास्थल से फरार हो गए थे जो लोहमारा बैरियर के पास से एक ऑटो में सवार होकर सिवनी की तरफ जाने के लिए निकल चुके थे। हालांकि नहलेसरा के कुछ लोगों के द्वारा उनका पीछा किया गया और अरी में महिलाओं और दो बच्चों को रोका गया जिन्हें पुलिस की मदद से कटंगी थाने लाया गया। बोलेरो के चालक और एक अन्य को घटना के करीब 04 घंटे बाद पकड़ा गया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पाण्डरवानी निवासी रूपचंद पिता मूलचंद लांजेवार और उनकी धर्मपत्नी शकुंतला लांजेवार की मौत हुई है। रूपचंद ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था जबकि शकुंतला ने सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। पता चला है कि लांजेवार दंपत्ति वरुड़ में मुकेश नागभिड़े के यहां सामाजिक (तीज) कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे थे। वही सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल पंचेश्वर दंपत्ति नहलेसरा में मृतक सुनील नागेश्वर के यहां परिवार से ढ़ाढ़स बांधने के लिए आए हुए थे और परिवार से मुलाकात के बाद वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे तभी सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में जोतेश्वर पिता दिगंबर पंचेश्वर, शीतल पति जोतेश्वर पंचेश्वर, त्रिशा पिता जोतेश्वर पंचेश्वर को गंभीर चोट आई है जबकि यश पिता जोतेश्वर पंचेश्वर को मामूली चोटें आई है। बताया जा रहा है कि बोलेरो में सवार सभी लोग को हमारा बैरियर के पास से एक ऑटो में सवार होकर सिवनी की ओर रवाना हो गए। फिलहाल पुलिस ने बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 28 सीए 5656, मोटरसाइकि क्रमांक एमएच 49 एए 4201 और एमपी 50 एमके 1272 को जप्त कर अभिरक्षा में ले लिया है। शाम 05 बजे पुलिस ने अरी थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचल से बोलेरो के चालक मोनू राय और साथी लोकेश नामेदव को पकड़ कर लाया है। जबकि इनके साथ वाहन में सवार महिलाओं को अरी के बस स्टेण्ड से लाया गया। मोनू राय अपनी बहू को लेने के लिए बोलेरो वाहन से ग्राम भजियादंड आए हुए थे वापस लौटते वक्त हादसा हुआ है।

# विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन 3 मई को लांजी में

## दस दिवसीय श्रामनेर बौद्धाचार्य, उपासिका धम्म एवं SSD प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन 24 अप्रैल से 3 मई तक जिले के विभिन्न मुख्यालयों में

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

संस्था अपने उद्देश्य आदर्श बौद्ध समाज का निर्माण करते हुए निरंतर अग्रसर हो रही है,इसी परिपेक्ष में मप्र के जिला बालाघाट की लांजी तहसील मुख्यालय एवं अन्य स्थानों में संस्था के प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन मप्र राज्य शाखा द.के अनुशंसा से केंद्रीय शाखा मुंबई के निर्देशानुसार जिले के दस तहसील/सर्कल मुख्यालयों में दस दिवसीय उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविर 24 अप्रैल से 3 मई,1 से 3 मई तक समता सैनिक दल का सैनिक एवं 24 अप्रैल से 3 मई 2026 तक दस दिवसीय श्रामणेर-बौद्धाचार्य धम्म प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन किया गया हैं, शिविरो के समापन अवसर पर लांजी मुख्यालय में विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन आयोजित किया हैं जिसके मुख्य अतिथि बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी के पौत्र परम आद.डॉ.भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब होंगे,अध्यक्षता प्रमोद कुमार भीमटे तहसील अध्यक्ष लांजी एवं अशोक कुमार मेश्राम जी स्वागत अध्यक्ष होंगे,प्रमुख अतिथियों में संस्था कैप्टन प्रवीण निखाड़े जी अंतरराष्ट्रीय सचिव मुंबई, एड.एस के भंडारे ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,डॉ.एवं एड.जगदीश गवई



सर,बी.एच.गायकवाड गुरुजी मुंबई,डॉ. चरनदास ढ़ेंगरे अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा द.बालाघाट,गौतम पाटिल जी राज्य संगठक भोपाल,सी.एल.बौद्ध सर राष्ट्रीय संगठक दतिया मप्र,आर.सी.दिवाकर जी अध्यक्ष मप्र उत्तर,शिवपुरी,अनिल भाऊ मेश्राम अध्यक्ष छ.ग.राज्य शाखा भिलाई एवं अन्य पदाधिकारी रहेंगे,विशेष अतिथियों में मप्र राज्य शाखा,मप्र के विभिन्न जिला शाखाओं के बालाघाट जिला एवं सभी तहसील शाखाओं के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सभी बौद्ध आंबेडकरी अनुयायियों की उपस्थिति में यह विशाल सम्मेलन सम्पन्न होगा।अतः आप सभी से अनुरोध है कि इस। सम्मेलन में उपस्थिति देकर धम्म लाभ ले,संस्था की सभी शाखाएंअपनी अपनी शाखा ओ से श्रामनेर शिविर में भाग लेने हेतु कार्यकता/पदाधिकारियों के नाम दिनांक 20/04/2026 तक मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी,मोबाइल क्रमांक 9301708931,जिला शाखा बालाघाट के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम जी,मोबाइल क्र.9425844039 एवं तहसील लांजी के अध्यक्ष आद.प्रमोद कुमार भीमटे जी,मोबाइल क्र. 9424371513 से संपर्क कर पंजीयन करे,पंजीयन धम्मदान मात्र 400/- निर्धारित किया गया है।

# डीएसआर तकनीक से धान बुआई को बढ़ावा, सुपर सीडर/हैप्पी सीडर से किसानों को बड़ा लाभ

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में धान उत्पादन को अधिक लाभकारी और संसाधन-संरक्षण आधारित बनाने के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों को डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस पद्धति के साथ सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर मशीन के उपयोग से किसानों को लागत में कमी और बेहतर उत्पादन मिल रहा है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि पारंपरिक रोपाई पद्धति की तुलना में डीएसआर से धान बुआई करने पर 15 से 30 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। समतल एवं नमी युक्त खेत में सीड ड्रिल के माध्यम से 2-3 सेमी गहराई पर बीज बोने से लगभग 100 प्रतिशत अंकुरण संभव होता है।

